जनपद हमीरपुर

दिनांक 05.06.2026

आगामी आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा।

आज दिनांक 05.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आगामी आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, राजकीय इण्टर कालेज हमीरपुर, विघा मंदिर इण्टर कॉलेज हमीरपुर स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता तथा परीक्षा के निष्पक्ष, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं शुचिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने तथा अभ्यर्थियों को निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार ही प्रवेश प्रदान किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखते हुए परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर बल दिया।

राजकीय स्नातकोत्तर

परीक्षा कक्ष
झण्डा गीत